लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
इंडिया दर्पण

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर, 2007

मनोरोग विभाग डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाया गया

● इंडिया दर्पण प्रतिनिधि

नई दिल्ली। 6 से 12 अक्टूबर 2007, तक चलने वाले मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन निम्नांकित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मनोरोग विभाग, डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली द्वारा किया गया:- मानसिक स्वास्थ्य प्रत्येक के लिए आवश्यक है।कोई भी मानसिक परेशानियों की चपेट में आ सकता है। व्यक्तिगत रूप से, संगठन के माध्यम से और सामुदायिक स्तर पर उचित कदम उठाकर मानसिक स्वास्थ्य की प्राथमिकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जो लोग मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से ग्रसित हैं, वे भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। हम सभी को मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता है। पद यात्रा का आयोजन 7 अक्टूबर, रविवार को केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद के सहयोग से मनोरोग विभाग, डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ने किया। पदयात्रा मनोरोग विभाग, डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल से इंडिया गेट तक दिन के 3 बजे निकाली गयी जिसमें एक हजार से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। इसमें करीब 300 स्कूली बच्चे भी शामिल थे। इस पदयात्रा के लिए अनुदान विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा केंद्रीय स्वास्थ्य महानिदेशालय ने दिया। पदयात्रा सफल रही एवं भाग लेने वालों ने मानसिक स्वास्थ्य भी एक महत्वपूर्ण विषय है, यह दिखाया। इस पद यात्रा का आयोजन जन जन में स्वास्थ्य की आवश्यकता जागरूक करने, आपसी सहिष्णुता बढ़ाने और विविधता की कदर बढ़ाने के लिए किया गया। इस पद यात्रा में श्री अशोक आहूजा, उपाध्यक्ष न.दि.न.नि. श्री रमाकांत गोस्वामी, विधायक, के साथ-साथ मनोरोग विभाग के सभी चिकित्सक, उपचारिका, शोधार्थी, छात्र रोगी एवं उनके सहायकों व अन्य लोगों ने भाग लिया।

पदयात्रा में केन्द्रीय यूनानी अनुसंधान परिषद, केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना, खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, दिल्ली ग्रामीण विकास संस्थान, एमिटी विश्वविद्यालय, पूसा अभियांत्रिक संस्थान, माता सुन्दरी कॉलेज, ज्ञानोदय स्कूल, नोडल एलायन्स फोर मेंटली इल, रिसर्च एडवोकेसी, सपोर्ट एंड हेल्प फॉर मेंटली इल, सत्य साई मानवोत्थान संस्थान, सर्वत्र प्राकृतिक चिकित्सा एवं संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान अन्तर्राष्ट्रीय संस्था, नवज्योत देहली पुलिस फाउंडेशन, अनेक दवा कम्पनियों, जिनमें मुख्य रैनबेक्सी, सोलस, सेन्ट्रा एवं मैनकाईन्ड, जाइडस न्यूरोसाइंस आदि ने भी भाग लिया। पुस्तिका जिसका शीर्षक: **राहे अनेक, लक्ष्य एक; बेहतर मानसिक स्वास्थ्य है**, का विमोचन पद यात्रा के प्रारम्भ होने से पहले किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के पश्चिम पूर्व एशिया विभाग द्वारा प्राप्त अनुदान से प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन श्री वर्गीज सैम्युअल, संयुक्त सचिव, भारत सरकार विभाग -आयुष ने किया।

इस पुस्तिका के हिन्दी अनुवाद का विमोचन श्री प्रेम भारद्वाज, सेवादल प्रमुख, दिल्ली द्वारा किया गया जिसके प्रकाशन के लिए अनुदान विश्व स्वास्थ्य संगठन से प्राप्त हुआ। इस पुस्तिका के सह-लेखक डॉ. स्मिता एन. देशपांडे, विभागाध्यक्षा, मनोरोग विभाग, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली एवं डॉ. एस. एन.एन. पाण्डे, सहायक अनुसंधान अधिकारी, सी.सी. आर. वाई. एन. मनोरोग विभाग, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली हैं। जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान, 10 अक्टूबर (बुधवार) 10 बजे से 12 बजे वाह्य रोगी विभाग, डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में किया गया।

इसमें पुस्तिकाओं का वितरण किया गया तथा सवालों का उत्तर चिकित्सक एवं उपचारिकाओं द्वारा दिए गए। उपचारिक विद्यालय, डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के छात्राओं द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की जागरूकता पर एक छोटा सा नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसकी सभी लोगों ने जमकर सराहना की। जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, रश्मि एवं ग्रामीण विकास संस्थान के छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य अभियान का परिचालन कठपुतली कॉलोनी पाण्डव नगर में: केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद के सहयोग से किया गया। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में लोगों में कितनी जागरूकता है तथा मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता एवं उसके लिए उन्हें व्यवहारिक रूप से कितनी मदद चाहिए इस विषय पर एक सर्वेक्षण किए जाने की घोषणा भी की गयी।

12 अक्टूबर को डा.एन.के. चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित समापन समारोह में सभी उपस्थित लोगों को मानसिक रोगियों की मदद की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर एक पुस्तिका का विमोचन किया गया। जिसमें डॉ. एस.एन. पाण्डे, निदेशक डॉ. बी.टी.सी. मूर्ति, डॉ. एन.एन. मिश्रा, डॉ. गुरप्रीत कौर, डॉ. श्रीनिवास, डॉ. प्रभुदयाल, डॉ. एस. के. दास, डॉ. अनिल कुमार उपनिदेशक (प्रशासन), डॉ. बरूआ (रेडियोलॉजिस्ट) डॉ. सोमवाल, परियोजना प्रबन्धक अखिलेश शर्मा ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को और भी रोचक बनाया शादीपुर डिपो स्थित चिल्ड्रेंस होप प्रयास के बच्चों ने जिन्होंने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में निशा चौहान, हरजीत कौर अशोक व शिवकुमार ने सहयोग किया।